पंजाब केसरी
THU,02 JANUARY 2025
EDITION: ROOPNAGAR KESARI, PAGE NO. 3

आई.टी.आई. नंगल में नववर्ष के उपलक्ष्य में धार्मिक कार्यक्रम आयोजित

नंगल आई.टी.आई. में आयोजित कार्यक्रम का दृश्य और सम्मानित करते। (सैनी)

नंगल,1 जनवरी (सैनी): सरकारी आई.टी.आई. नंगल में नव वर्ष 2025 के आगमन के उपलक्ष्य में एक विशेष धार्मिक समारोह का आयोजन किया गया इस अवसर पर श्री सुखमनी साहिब जी के पाठ करवाया गया। इस अवसर पर भाई गुरतेज सिंह, मलकीत कौर द्वारा कीर्तन किया गया।

इस कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री हरजोत सिंह बैंस के पिता सोहन सिंह बैंस और माता बलविंदर कौर, श्री गुरु रविदास यूनिवर्सिटी के चेयरमैन डॉ. संजीव गौतम, आई.एम.सी. कमेटी के चेयरमैन समरिंदर सिंह, समूह गुरुद्वारा तालमेल कमेटी के प्रधान ठेकेदार राजिंदर सिंह, आप नेता गुरजिंदर सिंह शोकर भी विशेष रूप से शामिल हुए और विद्यार्थियों को नव वर्ष की बधाई दी।

इस अवसर पर प्रिंसीपल गुरनाम सिंह ने कहा कि तकनीकी शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस और निदेशक तकनीकी शिक्षा के मार्गदर्शन में, आई.टी.आई. नंगल पंजाब की आई.टी.आई. में से एक है जहां से छात्र प्रशिक्षण लेकर देश-विदेश में कार्य कर रहे हैं। उन् होंने कहा कि आई.टी.आई. को आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित किया जा रहा है जिससे प्रशिक्षण में सुधार देखा जा रहा है।

इस अवसर पर प्रिंसीपल गुरनाम सिंह भलड़ी, ट्रेनिंग अधिकारी राकेश कुमार, अश्वनी कुमार, वरिंदर सिंह, हरमिंदर सिंह, वरिंदर सिंह झज् ज, अशोक कुमार, मनोज कुमार, विजय कुमार, गुरदीप कुमार, दलजीत सिंह, मलकीत सिंह, राजिंदर कुमार, बलजीत सिंह, आकाशदीप, ऋषिपाल, सुखविंदर सिंह, गीतांजलि शर्मा, अभिषेक कुमार, पूरन चंद, सुमित कुमार, चंदन, मुकेश सजीव कुमार के अलावा सभी छात्र उपस्थित थे।